हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 02 दिसंबर 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर www.livehindustan.com

PAGE NO. 07 : TOP

अवंतीबाई में एड्स जागरूकता कार्यक्रम

बरेली। वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ आरसी गुप्ता ने एड्स के प्रति जागरूकता की आवश्यकता एवं गंभीरता के बारे में बताया। डॉ. वर्तिका अग्रवाल ने छात्राओं को पावर पॉइंट के माध्यम से एड्स बीमारी के फैलने एवं रोकथाम तथा इसके लक्षण के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ मनीषा राव ने छात्राओं को एड्स जैसे गंभीर मुद्दों पर विचार विमर्श करने तथा प्रश्न करने के लिए प्रेरित किया।

दैनिक जागरण
बरेली, गुरुवार
2 दिसंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

PAGE NO. 06 : MIDDLE

महिला महाविद्यालय में एड्स के प्रति किया जागरूक

जासं, बरेली : वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेस 3 के तहत विश्व एड्स दिवस के अवसर पर श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की मेडिकल टीम की सहायता से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा आरसी गुप्ता ने एड्स के प्रति जागरूकता की आवश्यकता एवं गंभीरता के बारे में बताया।

डाक्टर वर्तिका अग्रवाल ने छात्राओं को पावर प्वाइंट के माध्यम से एड्स बीमारी के फैलने एवं रोकथाम तथा इसके लक्षण के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्य डा मनीषा राव ममता अंबुजाननी, पंकज अग्रवाल, रविंद्र कुमार, हेमलता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।